# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><><><><>

- भारतीय रिज़र्व बैंक को ब्रिटेन में सेंट्रल बैंकिंग द्वारा डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन अवॉर्ड–2025 के लिए चुना गया है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीस मार्च को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- ”समावेशी भारत”–अखिल भारतीय यात्रा जागरूकता अभियान का आयोजन।
- पद्म पुरस्कार–दो हजार छब्बीस के लिए ऑनलाइन नामांकन आमंत्रित किए गए।

<><><><><><><><><><>

भारतीय रिज़र्व बैंक को ब्रिटेन में सेंट्रल बैंकिंग द्वारा डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन अवॉर्ड–2025 के लिए चुना गया है। केंद्रीय बैंक को प्रवाह और सारथी नाम की डिजिटल पहलों के लिए सम्मानित किया गया है। इन्हें बैंक की इन–हाउस टीम द्वारा विकसित किया गया था। पुरस्कार समिति ने कहा है कि इन डिजिटल पहलों से कागज़ के इस्तेमाल में कमी आई है।

<><><><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीस मार्च को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी। लोग कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से दे सकते हैं। अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माय जी ओ वी ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव इस महीने की अट्ठाईस तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

<><><><><><><><><><>

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मतदाता फोटो पहचान पत्र और आधार को लिंक करने के मुद्दे पर चर्चा के लिए अट्ठारह मार्च को बैठक बुलाई है। सूत्रों ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त, गृह सचिव, विधायी विभाग के सचिव और यू आई डी ए आई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ इस बारे में चर्चा करेंगे।

<><><><><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से अपने राजस्व को बढ़ाने और नागरिकों की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए कल स्कूल लाइन, पुराना पहाड़गांव और डॉलीगंज में विशेष कर संग्रह अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के लिए नगरपालिका करों का भुगतान आसान बनाना है। विशेष कर संग्रह अभियान में नगरपालिका करों में अस्सी लाख बयासी हजार छः सौ तिरासी रुपये का संग्रह हुआ। बाईस मार्च को परिषद अट्टम पहाड़, गाराचरमा, भातुबस्ती और नया पहाड़गांव मे अभियान चलाएगा।

<><><><><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद ने समाज कल्याण विभाग के सहयोग से कल परिषद के सम्मेलन हॉल में "समावेशी भारत"–अखिल भारतीय यात्रा जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य जादू–आधारित जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक समावेश, समान अवसर और सुलभता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में समग्र क्षेत्रीय केन्द्र के तहत अभिभावकों, विशेष जरूरतों वाले बच्चों और केन्द्र के कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डिफरेंट आर्ट सेंटर के संस्थापक और कार्यकारी निदेशक गोपीनाथ मुथुकड़ द्वारा प्रस्तुत जादू था। अपने आकर्षक जादू प्रदर्शन के माध्यम से, उन्होंने बाधाओं को तोड़ने और एक समावेशी समाज को पोषित करने के महत्व को प्रभावी ढंग से व्यक्त किया। इस अवसर पर एक लघु वीडियो भी दिखाई गई, जिसमें सुलभता और समानता के संदेश पर और अधिक जोर दिया गया। सी आर सी की निदेशक सुमिता मोल ने सामाजिक सशक्तिकरण और समावेशन को बढ़ावा देने में उत्कृष्ट योगदान के लिए गोपीनाथ मुथुकड़ को सम्मानित किया। कन्याकुमारी से कश्मीर तक इकतालीस स्थानों तक फैली इस राष्ट्रव्यापी पहल का नेतृत्व विभिन्न कला केंद्र द्वारा दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से किया जाता है। यह समावेशी भारत अभियान पिछले वर्ष अक्टूबर को कन्याकुमारी में शुरू हुआ।

<><><><><><><>

अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार–दो हजार छब्बीस के लिए ऑनलाइन नामांकन शुरू हो गये हैं। नामांकन की अंतिम तारीख इक्कतीस जुलाई है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी। पद्म पुरस्कार– पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मा्नों में शामिल हैं। इन पुरस्कारों के अंतर्गत 'उत्कृष्ट कार्य' के लिए सम्मानित किया जाता है। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों और विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों तथा सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। चिकित्सकों और वैज्ञानिकों के अलावा अन्य् लोक सेवक तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले कर्मचारी पद्म पुरस्कारों के पात्र नहीं हैं।।

<><><><><><><>

बहुप्रतीक्षित दस दिवसीय एन्कोफेस्ट–स्पर्धा 2.0, का शुभारंभ कल किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव चंद्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथि के आधिकारिक तौर पर उत्सव की शुरुआत की घोषणा के बाद उत्सव की शुरुआत एनकोल और डीब्रेट के बीच एक रोमांचक फुटबॉल मैच के साथ हुई। जिसमें एनकोल ने जीत हासिल की। अंडमान लॉ कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही छात्रों ने तकनीकी पोस्टर मेकिंग और कचरे से मूर्ति बनाने जैसी प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। 'कचरे से सौंदर्य' थीम पर आधारित मूर्तिकला बनाने के कार्यक्रम में पांडिचेरी विश्वविद्यालय ब्रुक्शाबाद ने शीर्ष स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में स्थिरता और नवाचार का प्रदर्शन कर त्याग दी गई सामग्रियों को कला के शानदार नमूनों में बदला गया। कार्यक्म में शिक्षा सचिव एल. कुमार, उच्च शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह और विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य सहित सभी कालेजों के विद्यार्थी शामिल थे।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित शिक्षा निदेशालय के खेल अनुभाग की ओर से ब्लॉक स्तरीय शतरंज टूर्नामेंट, प्राथमिक शतरंज उत्सव का आयोजन किया गया। कल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल मोहनपुरा में यह टूर्नामेंट आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के द्वारा विभिन्न सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के युवा शतरंज खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन शिक्षा निदेशालय के वरिष्ठ लेखा अधिकारी बॉबी गोम्स और वी. वेंकदेशन ने किया। मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की एस. भविष्या ने लड़कियों

की श्रेणी में चैंपियन का खिताब हासिल किया। लड़कों की श्रेणी में, प्राथमिक विद्यालय, कृष्णानगर छह दशमलव पांच के रेशान मंडल ने पहला स्थान हासिल किया। विजेताओं को शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक मोहम्मद इरशाद अहमद ने ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में, उन्होंने युवा खिलाड़ियों के उत्साह, रणनीतिक सोच और प्रतिस्पर्धीय भावना की प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों में अनुशासन को बढ़ावा देने में शतरंज के महत्व पर जोर दिया।

**<><><><><><><>**

द्वीपसमूह के इतिहास, सौन्दर्य, संस्कृति एवं विरासत के बारे में जागरूकता पैदा करने और उसे संरक्षित करने के उद्देश्य से कला और संस्कृति विभाग अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह से संबंधित विषयों पर ऑनलाइन मोड के माध्यम से लघु फिल्म प्रतियोगिता के साथ–साथ फोटोंग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। यह प्रतियोगिता प्रतिभागियों में रचनात्मकता, कहानी कौशल, फिल्म निर्माण और फोटोग्राफी प्रदर्शित करने तथा द्वीपों के अनूठे आकर्षण को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। प्रतिभागी अण्डमान डॉट माई जी ओ वी डॉट इन पर पन्द्रह अप्रैल की मध्यरात्रि तक आवेदन जमा कर सकते हैं। प्रत्येक प्रतिभागी को केवल एक प्रविष्टि जमा करने की अनुमति होगी। प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष तीन विजेताओं को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए विभाग की वेबसाइट को देखा जा सकता है।

**<><><><><><><>**